प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

सेवा पर्व – अटल पेंशन योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने अटल पेंशन योजना के माध्यम से भारत के असंगठित कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को मज़बूत किया है

नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत के संगठित कार्यबल की जरूरत पर विशेष ध्यान दिया है संगठित कार्यबल में लंबे जोखिम और सेवानिवृत्ति सुरक्षा की कमी जैसी दोहरी चुनौतियों का समाधान करने के लिए मैं 2015 में अटल पेंशन योजना शुरू की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह योजना 25 साल की उम्र के हैं 30 साल की उम्र के हैं और अभी से आप पैसा जमा करना चालू करोगे जितना जमा कराओगे उसके अनुपात में 60 साल की उम्र होने के बाद आपको पेंशन मिलना शुरू हो जाएगा सरकार उसे पर पैसे डालेगी और आपको कभी बुढ़ापे में किसी के पास हाथ फहराने की नौबत नहीं आएगी आपका बुढ़ापा भी सीख जाए और आप जो पैसा जमा करेंगे आप स्वर्गवास के बाद वह पेंशन आपकी पत्नी को मिलेगा और वंचित श्रमिकों को लक्षित करते हुए यह योजना देश की सबसे समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा पहलू में से एक बंद करो की शुरुआत में इस योजना से जुड़े सदस्यों की संख्या 8 करोड़ से अधिक हो गई है इसके लिए कोर्स में 45000 से अधिक राशि जुटाना गई है योजना में महिलाओं की भागीदारी भी बड़ी है जो आप सभी सदस्यों का लगभग 48ः है सुरक्षा की सराहना की।

रेबीज़ दिवस

आज विश्व रेबीज़ दिवस है। रेबीज एक जानलेवा रोग है। जिसका बचाव पूर्णतः संभव है। यह कुते, बिल्ली, बंदर व नेवले इत्यादी जानवरों के काटने व खंरोचने से हो सकता है। पशुपालन विभाग द्वारा इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने विदेश दौरे के बाद कल रात दिल्ली लौट आएं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका आज प्रदेश लौटने का कार्यक्रम है।

स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रदेशभर में 2 अक्तूबर तक एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पिछले कल सोलन के परवाणु में वृत स्तरीय जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के छठें दिन आज माँ दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। माता ने अपने इस स्वरूप से पिता के कुल की रक्षा का संदेश दिया है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा–अर्चना कर रहे है। नवरात्र के उपलक्ष्य में सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला का शीर्षक है–लाहौल के शीत मरूस्थल को यूनेस्को से मिला बायोस्फीयर रिजर्व का दर्जा। दैनिक जागरण के शब्द हैं– लाहौल स्पीति के कोल्ड डेजर्ट बायोस्फीयर रिजर्व को मिली यूनेस्को की मान्यता। पंजाब केसरी की सुर्खी है–पैंशनर्ज को पहली तारीख को पैंशन देने की याचिका पर सरकार सहित एच.आर.टी.सी. को नोटिस। दैनिक भास्कर लिखता है–नवरात्र उत्सव ने दी पर्यटन को संजीवनी–मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु। हिमाचल दस्तक का कहना है–बिजली बोर्ड में भर्तियों को बीओडी की मंजूरी, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया। मौसम पर दैनिक भास्कर, आपका फैसला की सुर्खी है–धूप खिलने से चढ़ने लगा पारा, 14 क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री के पार पहुंचा।

————————————